हिंदी व्याकरण

विलोम शब्द

2. विलोम शब्द (Antonyms)

Scanned with CamScanner

उपर्युक्त वाक्यों में रंगीन शब्द 'स्वस्थ का अस्वस्थ', 'अच्छे का बुरे' और 'पुरस्कार का दंड' एक-दूसरे के विपरीत गुणों को दर्शा रहे हैं। ऐसे ही उलटे अर्थ देने वाले शब्दों को विलोम शब्द कहते हैं।

जो शब्द विपरीत अर्थात उलटा अर्थ बताते हैं, उन्हें विलोम या विपरीतार्थक शब्द कहते हैं।

CS Scanned with CamScanner

विशेष

- यदि शब्द एकवचन है, तो उसका विलोम भी एकवचन में ही होता है और यदि शब्द बहुवचन में है, तो उसका विलोम बहुवचन में होगा।
- तत्सम शब्दों का विलोम तत्सम, तद्भव का तद्भव तथा देशज का देशज ही होता है, जैसे– 'सत्य' तत्सम शब्द है, इसका विलोम 'झूठ' न होकर 'असत्य' ही होगा तथा 'दिन' तद्भव शब्द है, इसका विलोम रात्रि न होकर 'रात' ही होगा।
- विकारी शब्दों का विलोम विकारी तथा अविकारी शब्दों का विलोम अविकारी शब्द ही होता है।

CS Scanned with CamScanner

शब्द	विलोम	शब्द	विलोम	शब्द	विलोम	शब्द	विलोम
अंकुश	निरंकुश	आज्ञा	अवज्ञा	घात	प्रतिघात	भाव	अभाव
अचेत	सचेत	उचित	अनुचित	जड़	चेतन	भूत	भविष्य
अतिवृष्टि	अनावृष्टि	उत्कृष्ट	निकृष्ट	जागरण	शयन	मंगल	अमंगल
अनिवार्य	ऐच्छिक	उत्थान	पतन	ज्वार	भाटा	मितव्यय	अपव्यय
अनुराग	विराग	उदय	अस्त	ठोस	तरल	मिलन	विरह
अनुरक्त	विरक्त	उदार	अनुदार	दुर्व्यवहार	सद्व्यवहार	मूक	वाचाल
अनुकूल	प्रतिकूल	उन्नति	अवनति	धूमिल	उज्ज्वल	यद्यपि	तथापि
अनुज	अग्रज	उपकार	अपकार	नवीन	प्राचीन	राग	द्वेष
आकर्षण	विकर्षण	औचित्य	अनौचित्य	निर्मल	मलिन	रीति	कुरीति
आदान	प्रदान	कनिष्ठ	वरिष्ठ	नूतन	पुरातन	वरदान	अभिशाप
आर्द्र	शुष्क	कीर्ति	अपकीर्ति	परदेश	स्वदेश	वादी	प्रतिवादी
आदि	अनादि	कृतज्ञ	कृतघ्न	परकीय	स्वकीय	विरोध	समर्थन
आधार	निराधार	कृपण	दानी	पाप	पुण्य	विशेष	सामान्य
आयात	निर्यात	कृष्ण	शुक्ल	प्रकट	गुप्त	विस्तार	संक्षिप्त
आरोह	अवरोह	कृत्रिम	स्वाभाविक/प्राकृतिक	प्रत्यक्ष	परोक्ष	वैध	अवैध
आलस्य	स्फूर्ति	क्रय	विक्रय	प्रवृत्ति	निवृत्ति	शाश्वत	नश्वर
आशावादी	निराशावादी	गमन	आगमन	प्रलय	सृष्टि	प्रवेश	निषेध
आस्था	अनास्था	गुरु	शिष्य	बंधन	मुक्ति	निर्माण	ध्वंस

Scanned with CamScanner

अभ्यास-कार्य

१. दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।

क) संधि x .... ख) अल्पायु x .... ग) रचना x ....

घ) गद्य x .... ङ) अंतरंग x .... च) लोकतंत्र x ....

२. दिए गए शब्दों के लिए उनके विलोम शब्द छाँटकर सही (√) का निशान लगाइए।

क) गहरा x • अगहरा ☐ • उथला ☐ • खाली ☐

ख) समर्थन x • असमर्थन ☐ • उसमर्थन ☐ • विरोध ☐

ग) बंजर x • उपजाऊ ☐ • अबंजर ☐ • उबंजर ☐

घ) लघु x • दीर्घ ☐ • अदीर्घ ☐ • उपदीर्घ ☐

CS Scanned with CamScanner

३. दिए गए विलोम शब्दों का मिलान कीजिए।

क)	ध्वंस	x	i.	सूक्ष्म
ख)	स्थूल	x	ii.	विषम
ग)	नित्य	x	iii.	दानी
घ)	कंजूस	x	iv.	अनित्य
ङ)	सम	x	v.	निर्माण
च)	अनुराग	x	vi.	चेतन
छ)	जड़	x	vii.	उष्ण
ज)	शीत	x	viii.	निर्बल
झ)	सबल	x	ix.	विराग

CS Scanned with CamScanner

४. दिए गए वाक्यों में रंगीन शब्दों के विलोम शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

क) इस सृष्टि में सजीव और .... दोनों विद्यमान हैं।

ख) परमाणु बम की रचना से अनेक देशों का .... संभव है।

ग) सूर्य पूर्व दिशा से निकलता है और .... दिशा में अस्त होता है।

घ) अशोक ने कलिंग युद्ध के बाद .... का प्रचार किया।

CS Scanned with CamScanner

धन्यवाद

प्रस्तुति :– डॉ० नवीता बुधवार